


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष: 02 ■ अंक: 337

ग्वालियर, बुधवार, 11 दिसम्बर 2019

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## विचार

**गलती कबूल करने और गुनाह छोड़ने में कभी देर न करना, क्योंकि सफर जितना लंबा होगा, वापसी उतनी ही लंबी हो जाती है।**

*** आदित्य सिंह बैस**
**बिगला नगर, ग्वालियर**

## न्यूज ट्रैक

### रीवा में ट्रक और स्कूल जीप में टक्कर, 15 से ज्यादा बच्चे घायल

रीवा। स्कूली बच्चों को लेकर मनगवां चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल आ रही मार्शल जीप की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में जीप में सवार 15 से अधिक बच्चे घायल हो गए, जिनमें 2 बच्चों की हालत गंभीर है। सभी को 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया। हादसा इलाहाबाद रोड पर बने ओवरब्रिज के नीचे हुआ। सूचना मिलने के बाद बच्चों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

### इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर के ट्रांसफर से डरा पीएचक्यू हाइकोर्ट में लगाएगा केवियट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टरों के थोक तबादलों के बाद पुलिस मुख्यालय सतर्क है। वो इन तबादलों के खिलाफ अदालत जा रहे इंस्पेक्टर-सब इंस्पेक्टर्स से कानूनी रूप से निपटने की तैयारी कर रहा है। पुलिस मुख्यालय जबलपुर हाईकोर्ट सहित इंदौर और ग्वालियर बेंच में केवियट दायर करने वाला है ताकि कोर्ट में शासन का पक्ष भी सुना जाए। केविएट के लिए प्रभारी नियुक्तः मध्य प्रदेश में हाल ही में पुलिस मुख्यालय ने इंस्पेक्टर्स और सब इंस्पेक्टर्स के थोक तबादले किए। उसे लगता है कि तबादलों के खिलाफ ये लोग अदालत ज़रूर जाएंगे। इसी को ध्यान में रखकर पुलिस मुख्यालय केवियट दायर करने वाला है। ताकि उन याचिकाओं पर किसी भी प्रकार के अंतरिम और अंतिम फैसले से पहले शासन का पक्ष रखा जा सके। उच्च न्यायालय जबलपुर में केवियट दायर करने की जिम्मेदारी जबलपुर जिले के उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय को सौंपी गई है। इसी प्रकार उच्च न्यायालय की इंदौर और ग्वालियर बेंच में केवियट दायर करने के लिए वहां के उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय को ज़िम्मेदारी सौंपी गयी है।

### बुद्धिजीवि और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विद्यालंकार नहीं रहे

ग्वालियर एजेंसी। देश के जाने माने बुद्धिजीवि और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ विद्यालंकार का निधन हो गया है उनकी रचनाओं को साहित्य जगत में विशेष स्थान मिला हुआ है डॉ विद्यालंकार के निधन से साहित्यजगत में षोक की लहर छा गई है।

### पहाड़ों में अब होगी बर्फबारी, दिल्ली समेत इन राज्यों में बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली।** दिसंबर का महीना शुरू हो चुका है लेकिन अब भी माहौल में वो ठंडक महसूस नहीं हुई है जो हर साल होती है। सुबह और रात में जरूर गर्म कपड़ों की जरूरत लगती है लेकिन दिन में धूप की वजह से ठंड का ज्यादा अहसास नहीं होता।

### सरकारी स्कूल में क्लास रूम में मिली जली लाश, डीएनए जांच के बाद हो सकेगी शिनाख्त

भोपाल एजेंसी। राजधानी के पंचशील नगर स्थित सरदार पटेल स्कूल के अंदर एक जली हुई लाश मिली है। संभावना जताई जा रही है कि युवक की हत्या के बाद शव को स्कूल के अंदर लाकर क्लास रूम में जलाया गया है। घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस के आला अधिकारी और मंत्री पीसी शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। घटनास्थल के निरीक्षण के बाद डीआईजी इरशाद वली ने बताया कि लाश पूरी तरह से जली हुई हालत में मिली है। लाश किसी युवक की है, लेकिन उसकी हालत ऐसी नहीं है कि देखकर शिनाख्त की जा सके। डीएनए रिपोर्ट के बाद ही लाश की शिनाख्त हो पाएगी। उन्होंने कहा कि लाश के पास से एक जंजीर भी मिली है। जंजीर लाश के गले में फंसी हुई मिली है। स्कूल के सीसीटीवी फुटेज लिए जा रहे हैं। घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि स्कूल में मिली लाश किसी युवक की है। उसकी उम्र 24-25 साल है। आरोपी स्कूल की बाउंड्री फांदकर अंदर आए हैं। कितने आरोपी है अभी नहीं कहा जा सकता। युवक की हत्या के बाद लाश को जलाया गया है। पीसी शर्मा ने कहा कि शाम तक पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा। मौके पर फोरेंसिक टीम पहुंच गई है।

# प्याज के दाम में तेजी कायम, कहां कितने रुपये किलो बिक रही प्याज

**नई दिल्ली।** प्याज का भाव लगातार दूसरे सप्ताह ऊंचा बना हुआ है। मंगलवार को ज्यादातर जगहों पर भाव औसतन 100 रुपये किलो से ऊपर चल रहे थे। ऐसा लगता है कि सरकार कीमत को काबू में लाने के लिये जो प्रयास कर रही है, उसके नतीजे आने में अपेक्षा के मुकाबले अधिक समय लग सकता है। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार पणजी में प्याज का भाव सर्वाधिक 165 रुपये किलो रहा। वहीं देश के 114 बड़े शहरों में औसत कीमत 100 रुपये किलो से ऊपर रही। प्याज के दाम में सितंबर से तेजी आनी शुरू हुई और 25 नवंबर से औसतन 100 रुपये किलो से ऊपर बनी हुई है। आंकड़े के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में प्याज का भाव 96 रुपये किलो, मुंबई में 102 रुपये किलो, चेन्नई में 100 रुपये और कोलकाता में 140 रुपये किलो पर पहुंच गया।तिरुवनंतपुरम, कोझिकोड में में प्याज की कीमत 160



रुपये किलो जबकि तिरूपति, एर्नाकुलम और पल्लकड जैसे शहरों में 150 रुपये किलो पहुंच गयी। वहीं गुरूग्राम, जगदलपुर, बहरामपुर, पुरूलिया, मालदा, इटानगर, अगरतला और पुडुचेरी में प्याज का भाव 120 रुपये किलो पर पहुंच गया है। अमृतसर, सूरत, जबलपुर, दरभंगा, संभलपुर, बालेश्वर और गंगटोक में इस सब्जी की कीमत 110 रुपये किलो पर पहुंच गयी है। पिछले महीने केंद्रीय खाद एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री ने कीमत में वृद्धि के लिये खरीफ और देर से बोई जाने वाली खरीफ फसल के उत्पादन में 26 प्रतिशत की गिरावट को जिम्मेदार ठहराया था। इसकी वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े उत्पादक राज्यों में अत्यधिक बारिश थी। मंत्री ने यह बार-बार कहा है कि कीमतों पर अंकुश लगाने के लिये हर संभव कदम उठाये जाएंगे। इसमें 1.2 लाख टन के आयात की अनुमति तथा निर्यात पर पाबंदी शामिल हैं। सरकार ने खुदरा और थोक व्यापारियों के लिये भंडार सीमा भी तय की है। सोमवार को इस सीमा में और कटौती की गयी तथा खुदरा कारोबारियों के लिये इसे 5 टन से कम कर 2 टन कर दिया गया। विशेषज्ञों का अनुमान है कि जनवरी के पहले सप्ताह तक प्याज के भाव ऊंचे रह सकते हैं। उस समय से नई फसल की आवक होने लगेगी।

## वेद-पुराण का जिक्र कर सुप्रीम कोर्ट से बोला निर्भया का दोषी

# दिल्ली में प्रदूषण अधिक तो फिर हमें फांसी क्यों

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में साल 2012 में हुए निर्भया गैंगरेप मामले में चार दोषियों में से एक दोषी अक्षय कुमार सिंह ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन दायर की। अपनी याचिका में अक्षय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा है कि क्यों उसे मौत की सजा दी जा रही है, जब वैसे ही जिंदगी जीने के साल पहले के मुकाबले कम हो गए हैं। वेद, पुराण और उपनिशद का जिक्र करते हुए अक्षय ने कहा है कि सतयुग में लोग ज्यादा साल तक जीते थे, जोकि अब नहीं है।

अपनी याचिका में अक्षय सिंह ने दिल्ली में वायु प्रदूषण और प्रदूषित पानी का भी जिक्र किया है। याचिका में कहा गया कि दिल्ली एनसीआर में प्रदूषित हवा और पानी के बारे में सभी जानते ही हैं। जिंदगी और छोटी होती जा रही है, ऐसे में



मौत की सजा क्यों? मालूम हो कि दक्षिण दिल्ली में चलती बस में 16-17 दिसंबर, 2012 की रात में 23 वर्षीय निर्भया से छह व्यक्तियों ने बर्बरता पूर्वक सामूहिक बलात्कार किया था और उसे बुरी तरह जख्मी हालत में सड़क पर फेंक दिया था। निर्भया की 29 दिसंबर, 2012 को सिंगापुर में माउन्ट एलिजाबेथ अस्पताल में मृत्यु हो गयी थी। शीर्ष अदालत ने इससे पहले मुकेश, पवन गुप्ता और विनय शर्मा की पुनर्विचार याचिका यह कहते हुये खारिज कर दी थी कि फैसले पर विचार करने का कोई आधार नहीं है। न्यायालय ने 2017 में निर्भया कांड के दोषियों को मौत की सजा देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा था। उच्च न्यायालय ने इन मुजरिमों को मौत की सजा सुनाने के निचली अदालत के फैसले की पुष्टि की थी। इस वारदात में शामिल छह आरोपियों में से एक राम सिंह ने तिहाड़ जेल में कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी जबकि एक अन्य आरोपी नाबालिग था और उसे तीन साल की सजा पूरी करने के बाद सुधार गृह से रिहा कर दिया गया था।

## आईएएस अधिकारी को गुलदस्ता भेंट करने पर लगा 5 हजार रुपये का जुर्माना



मुंबई। महाराष्ट्र में एक आईएएस अधिकारी ने गुलदस्ता भेंट करने पर एक शख्स पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए एक मिसाल पेश की है। इस चौंकाने वाले मामले में अधिकारी ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ा संदेश दिया है। औरंगाबाद महानगर पालिका में आईएस अधिकारी आस्तिक कुमार पांडेय बतौर आयुक्त पदभार ग्रहण कर रहे थे। इस दौरान स्वागत के लिए रामचंद्र महाजन नामक शख्स ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। गुलदस्ता प्लास्टिक से लिपटा था। इसी बात पर आयुक्त नाराज हो गए। उन्होंने रामचंद्र पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया। खास बात यह भी है कि महाजन ने तुरंत ही जुर्माना भरा। ठोस कचरा प्रबंध विभाग के अधिकारियों ने महाजन से जुर्माना राशि वसूली। आईएएस पांडेय इससे पहले बीड जिले में जिलाधिकारी के पद पर तैनात थे। तब उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्लास्टिक के कप में चाय देने पर उन्होंने खुद पर 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया था। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 15 अगस्त को लाल किले से देशवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग खत्म करने का आह्वान किया था। तब से राज्य सरकारें भी इसे लेकर जागरूकता अभियान चला रही है। महाराष्ट्र सरकार ने भी जून में सिंगल यूज डिस्पोजल समेत सभी तरह के प्लास्टिक उत्पाद पर प्रतिबंध लगा दिया था।

## बिजौरी गांव के बस पलटने से दो की मौत, 25 घायल

**जबलपुर।** जिले में चरगवां रोड पर बिजौरी गांव के पास मंगलवार सुबह एक यात्री बस पलट गई। 2 लोगों की मौत हो गई और करीब 25 लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल अस्पताल ले जाया जा रहा है। मृतकों और घायलों के नाम अभी साफ नहीं हुए है। बताया जा रहा है कि बस तेज रफ्तार में थी, इसी दौरान ड्राइवर उस पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और वह सड़क से नीचे उतरकर पलट गई। घटना के बाद बस में बैठे यात्री घबराकर चिल्लाने लगे थे। कई घायलों को बाइक पर बैठाकर अस्पताल पहुंचाया गया।

## भांगड़ा पॉलिटिक्स: नागरिकता संशोधन बिल को लेकर ओवैसी ने शिवसेना पर ऐसे किया हमला




**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित होने को लेकर कई दलों ने नाखुशी जताई है। अब इसे लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने शिवसेना पर निशाना साधा है। ओवैसी ने कहा है कि यह भांगड़ा पॉलिटिक्स है। लोकसभा में विधेयक पर शिवसेना के समर्थन को लेकर ओवैसी ने कहा कि वे कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में सेक्युलर शब्द लिखते हैं। लेकिन यह बिल आर्टिकल 14 और सेक्युलरिज्म के खिलाफ है। ओवैसी ने निशाना साधते हुए इसे अवसरवाद की राजनीति बताया।

गौरतलब है कि शिवसेना ने लोकसभा में नागरिकता संशोधन बिल का समर्थन किया था। लेकिन राज्यसभा में बिल पारित किए जाने को लेकर समर्थन देने पर यूटर्न ले लिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है कि शिवसेना राज्यसभा में तब तक नागरिकता (संशोधन) विधेयक का समर्थन नहीं करेगी, जब तक कि पार्टी द्वारा लोकसभा में उठाए गए सवालों का जवाब नहीं मिल जाता।

**जानिए क्या है नागरिकता संशोधन विधेयक**–लोकसभा में पारित हो चुके नागरिकता संशोधन विधेयक में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए गैर मुस्लिम शरणार्थी - हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों के लोगों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने का पात्र बनाने का प्रावधान है।



## शिवसेना नेता संजय राउत को टैग कर बोले एनसीपी के नवाब मलिक, धीरे-धीरे प्यार को बढ़ाना है...

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में पिछले दिनों सरकार को लेकर काफी खींचतान हुई, जिसके बाद शिवसेना-कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन ने नई सरकार बनाई। महीनेभर चली खींचतान के दौरान शिवसेना सांसद और प्रवक्ता संजय राउत ने रोजाना ट्विटर पर शायरी लिखकर बीजेपी पर निशाना साधा था। संजय राउत ने कई दिनों तक रोजाना सुबह कुछ पंक्तियों को ट्वीट किया था। अब एनसीपी नेता नवाब मलिक ने ट्वीट कर कुछ पंक्तियां लिखी हैं। नवाब मलिक ने लिखा है, धीरे-धीरे प्यार को बढ़ाना है, हद से गुजर जाना है। नवाब मलिक के इस ट्वीट को खबर लिखे जाने तक तीन सौ से अधिक यूजर्स ने रिट्वीट किया है। वहीं, दो हजार से अधिक बार ट्वीट को पसंद किया गया। गौरतलब है कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पिछले महीने मुंबई के शिवाजी पार्क में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। राज्य में शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री बनने के बाद उद्धव ठाकरे ने अपनी कैबिनेट की पहली बैठक में रायगढ़ किले के पुनरूद्धार के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार राज्य के किसानों के लिए ठोस कदम उठायेगी।

## मोदी सरकार ने कृषि बजट को बढ़ाकर किया दोगुना: कृषि राज्यमंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने मंगलवार संसद में कहा कि किसानों की आमदनी दोगुनी करने के मकसद से ही मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान कृषि बजट को पांच साल में बढ़ाकर 2.11 लाख करोड़ रुपये किया गया जोकि उससे पिछली सरकार के कार्यकाल के बजट का दोगुना है। कैलाश चौधरी लोकसभा में मंगलवार को सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे के सवालों का जवाब दे रहे थे। महाराष्ट्र के कल्याण संसदीय क्षेत्र से शिवसेना सांसद शिंदे ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार की रूपरेखा की जानकारी मांगी थी। कृषि राज्यमंत्री ने कहा, %यूपीए के कार्यकाल के दौरान 2009 से लेकर 2014 तक पांच साल का कुल कृषि का बजट 1.21 करोड़ रुपये था जबकि मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान पांच साल का कुल कृषि बजट 2.11 लाख करोड़ रुपये था।कैलाश चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र के चहुमुखी विकास और किसानों की आय बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को लेकर तेज गति से काम कर रही है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने इस एक साल के दौरान किसानों के लिए 1.38 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि उत्पादों के भंडारण के साथ-साथ किसान की जेब भी भरे एवं उनकी आय भी बढ़े वाली अपनी सोच के अनुरूप किसानों के लिए इनकम सपोर्ट के प्रावधान के साथ अन्य कई उपाय करते हुए ग्रामीण भारत पर सबसे ज्यादा फोकस किया है। एक अन्य संसद सदस्य के सवाल के जवाब में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि किसानों से जुड़े केंद्र सरकार के एजेंडे को जमीन पर उतारने के लिए कृषि मंत्रालय तेज गति से काम कर रहा है। चौधरी ने कहा कि देश के किसानों की आय को 2022 तक दोगुना करने की रणनीति के तहत कृषि मंत्रालय पीएम किसान सम्मान निधि, जैविक खेती और जीरो बजट प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मंडी सुधार, किसान क्रेडिट कार्ड अभियान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग एवं कृषि क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में निवेश सहित सभी आवश्यक मोर्चों पर काम कर रहा है।



# SC-ST आरक्षण 10 साल के लिए बढ़ा, लोकसभा ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा ने मंगलवार को संविधान (एक सौ छब्बीसवां संशोधन) विधेयक-2019 को मंजूरी दे दी जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति समुदायों को दिये गये आरक्षण को दस वर्ष बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए विधि एवं न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सदन में कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ जुर्म के मामलों की जांच दो महीने में और सुनवाई छह महीने में पूरा करने के लिये वह राज्यों को पत्र लिखने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा, वह उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को लिखेंगे कि राज्यों को त्वरित निपटान अदालत में सुनवाई छह महीने में पूरा करनी है क्योंकि यह 2018 में पारित कानून का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि 1023 त्वरित निपटान (फास्ट ट्रैक) अदालतों को मंजूरी दी गई है और इससें 400 से अधिक पर काम आगे बढ़ गया है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने संविधान (एक सौ छब्बीसवां संशोधन) विधेयक-2019 को मंजूरी दे दी। निचले सदन में मत विभाजन में इस विधेयक के पक्ष में 352 मत पड़े और विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। संविधान संशोधन विधेयक होने के मद्देनजर इसे सदन के कुल सदस्यों की संख्या के बहुमत एवं उपस्थिति सदस्यों की संख्या के दो तिहाई सदस्यों का समर्थन जरूरी है। विधि एवं न्याय मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का पूरा समाज ही पिछड़ा है, ऐसे में इसे दो भाग में बांटने की जरूरत नहीं है और



क्रीमीलेयर की एससी/एसटी समाज में जरूरत नहीं है। एंग्लो इंडियन समुदाय को विधेयक के दायरे से बाहर रखने के बारे में कांग्रेस सहित कुछ सदस्यों की चिंताओं पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के समय ही सीमा शुल्क, रेलवे, टेलीग्राफ विभागों में इस समुदाय के लिये पदों को खत्म कर दिया गया था, इनके शैक्षणिक समुदायों का अनुदान समाप्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले ही कहा है कि एंग्लो इंडियन समुदाय के लोगों की आबादी 296 है और इस बारे में रजिस्ट्रार जनरल, जनगणना पर शंका करना ठीक नहीं है। विधि मंत्री ने कहा कि जब यही संस्था अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की संख्या 20 करोड़ और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों की संख्या 10.45 करोड़ बताती है, तब यह ठीक लगता है लेकिन एंग्लो इंडियन वर्ग के लोगों की संख्या पर शंका की जा रही है। प्रसाद ने कहा कि एंग्लो इंडियन समुदाय के बारे में विचार करना बंद नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस संविधान संशोधन के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के सदन में आरक्षण को 10 वर्ष बढ़ाया जा रहा है जो जनवरी, 2020 में समाप्त होने जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि भाजपा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के आरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और यह आरक्षण कभी भी नहीं हटाया जायेगा। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें वर्षों तक भारत रत्न से वंचित रखा गया और 1990 में वी पी सिंह की सरकार के समय भारत रत्न प्रदान किया गया जिसे भाजपा समर्थन दे रही थी।

## सम्पादकीय

# स्थिरता के लिए वोट

*कुछ उप-चुनाव आम चुनाव की तरह ही रोचक और महत्वपूर्ण हो जाते हैं। कर्नाटक की 15 विधानसभा सीटों के लिए हुए उप-चुनाव इसी श्रेणी के थे। मामला वहां सिर्फ कांटे की टक्कर भर का नहीं था, बल्कि इन उप-चुनावों पर राज्य सरकार का भविष्य टिका हुआ था। यह तय था कि अगर भारतीय जनता पार्टी इन उप-चुनावों में सात के कम सीटों पर जीतती है, तो मुख्यमंत्री येदियुरप्पा की सरकार अल्पमत में आ जाएगी। यह बात मतदाताओं को भी अच्छी तरह पता थी, इसलिए उन्होंने भाजपा को सात नहीं, पूरी 12 सीटों पर विजयी बना दिया। उप-चुनावों के नतीजे यही बताते हैं कि जनता को स्थिर सरकार चाहिए थी और उसने स्थिरता को चुना। चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार ने अपनी पार्टी की हार को स्वीकार करते हुए यह भी कहा कि जनता ने दलबदलुओं को स्वीकार कर लिया है। एक तथ्य के रूप में उनकी बात सही भी है। जीतने वालों में ज्यादातर पाला बदलने वाले हैं, जिनकी विधानसभा से बर्खास्तगी के बाद ही ये उप-चुनाव हुए हैं। अब वे विधायक तो बन ही गए हैं, जल्द ही राज्य मंत्रिमंडल में भी शामिल हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें मंत्री बनाने का वादा पूरा किया जाएगा। वे दलबदलू हैं, यह शायद मतदाताओं को भी अच्छी तरह पता होगा, पर पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से राज्य में जो राजनीति चली है, उसके बाद उन्होंने स्थिर सरकार के रास्ते को चुनना ही सबसे बेहतर विकल्प माना।*

*करीब डेढ़ साल पहले जब राज्य में विधानसभा चुनाव हुए थे, तब भले भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, मगर उस चुनाव में किसी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी थी और उसने अपने लिए कोई कोशिश करने की बजाय भाजपा को पटखनी देने का रास्ता चुना। उसने तीसरे नबंर की पार्टी जनता दल(एस) को सरकार बनाने के लिए समर्थन दे दिया। अंकगणित काम कर गया और एचडी कुमारस्वामी ने शपथ भी ले ली, लेकिन यह भी पहले दिन से साफ था कि सरकार बहुत दिन चलने वाली नहीं है। कुछ ही महीनों में बड़े पैमाने पर पाला बदल हुआ और भाजपा की सरकार सत्ता पर काबिज हो गई। पाला बदलने वालों को अपनी सदस्यता गंवानी ही थी। ये उप-चुनाव उन्हीं सीटों पर हुए हैं और सत्ता के खेल से ऊबी जनता ने इस बार ज्यादातर उन्हीं को वोट दिया, जिससे बेंगलुरु में बैठी सरकार टिकाऊ हो सके। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका है, क्योंकि जिन 15 सीटों पर उप-चुनाव हुए हैं, उनमें से 12 उसी के पास थीं, बाकी तीन सीटों पर जेडीएस जीती थी।*

# ऊबे हुए लोगों का स्पष्ट जनादेश

**एस श्रीनिवासन**

भाजपा ने कर्नाटक उप-चुनावों में एकतरफा जीत दर्ज करते हुए विपक्ष से ज्यादातर सीटें छीन ली हैं। इन चुनाव परिणामों ने मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को शेष बचे कार्यकाल के लिए शासन का स्पष्ट बहुमत दे दिया है। उन्हें अब न तो बसपा के इकलौते विधायक के समर्थन की जरूरत होगी और न ही एकमात्र निर्दलीय विधायक की। वह पिता-पुत्र (एचडी देवेगौड़ा व एचडी कुमारस्वामी) की जोड़ी की चिरौरी करने की मजबूरी से भी बच गए हैं, जो एक बार फिर त्रिशंकु विधानसभा में 'किंग मेकर' बनने के ख्वाब संजो रहे थे।

इन उप-चुनाव परिणामों ने येदियुरप्पा के लिए यह गुंजाइश बना दी है कि वह अब पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी पार्टी के आलाकमान से बात कर सकें। जुलाई के बहुमत परीक्षण में एक अस्थिर-सी जीत हासिल करने के बाद अपने मंत्रिमंडल के गठन के लिए उन्हें हफ्तों का अपमानजनक इंतजार करना पड़ा था। खबरों के मुताबिक, येदियुरप्पा को तब भाजपा अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात का वक्त नहीं मिला था और उन्हें दिल्ली से खाली हाथ बेंगलुरु लौटना पड़ा था। सवाल यह है कि आखिर यह 'चमत्कार' कैसे हुआ? जिस मुख्यमंत्री को अपनी पार्टी के ही शीर्ष नेताओं का पूर्ण समर्थन मिलता नहीं दिख रहा हो, उसने कैसे यह कमाल किया? कर्नाटक की चुनावी राजनीति की कहानी पिछले 19 महीनों में कई पीड़ादायक मोड़ों से गुजरी और एक तरह से यह किसी थ्रिलर को मात देती रही। जहां तक उप-चुनाव के परिणामों का सवाल है, तो इसकी सरल व्याख्या यही होगी कि राज्य में जारी लगातार गतिरोध से ऊब चुके मतदाताओं ने अंततः भाजपा को सत्ता के लिए चुन लिया है। लेकिन क्या मामला वाकई इतना सरल है? जरा तथ्यों पर गौर कीजिए। भाजपा ने मई 2018 में येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर आगे करके विधानसभा चुनाव लड़ा था। 224 सदस्यीय विधानसभा में पार्टी एंग्लो-इंडियन सदस्य के साथ सिर्फ 104 सीटें जीत सकी थी। बहुमत से आठ कम। लेकिन इसके बावजूद येदियुरप्पा ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने उन्हें शपथ भी दिलाई, मगर शपथ ग्रहण के महज 48 घंटों के भीतर उन्हें इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि उनके पास संख्या बल नहीं था और वह विश्वास मत का सामना करने की स्थिति में नहीं थे। सिद्धरमैया के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने 78 सीटें जीती थीं, जबकि देवेगौड़ा के जनता दल(एस) के 37 विधायक चुनकर आए थे। भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए कांग्रेस ने जनता दल(एस) के साथ मिलकर दांव खेला और इस तरह कुमारस्वामी सरकार वजूद में आई। तब उदारपंथियों व सेकुलर पार्टियों ने सोचा था कि इसे विपक्षी एकता के नए फॉर्मूले के रूप में केंद्रीय स्तर पर भी लागू किया जा सकता है। लेकिन 2019 के संसदीय चुनाव में सबको चौंकाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहीं बड़े बहुमत के साथ सत्ता में लौटे। चूंकि कर्नाटक में पूंछ को सिर से बांधने का काम हुआ था, इसलिए कुमारस्वामी सरकार अधिक दिनों तक टिक न सकी। कांग्रेस और जनता दल(एस) के अंतर्विरोध जल्द ही उभरकर सामने आ गए। मुख्यमंत्री बनने के महज दो महीने के भीतर रुआंसे मुख्यमंत्री ने कहा था कि 'मैंने शिव की तरह विष पिया है।' मंत्रिमंडल के कई कांग्रेसी मंत्री सरेआम कुमारस्वामी की आलोचना कर रहे थे और वे सब सिद्धरमैया के करीबी माने जाते थे। दरअसल, देवेगौड़ा और सिद्धरमैया की वर्षों पुरानी प्रतिस्पद्धर को देखते हुए इसे एक स्वाभाविक नतीजे के रूप में देखा गया था। इस बीच खबरों के मुताबिक, भाजपा ने 'ऑपरेशन कमल 2.0' शुरू कर दिया था, जिसमें दूसरी पार्टियों के विधायकों का समर्थन हासिल किया जाना था। दिलचस्प तरीके से कांग्रेस के 15 और जनता दल(एस) के दो विधायकों ने अपनी-अपनी पार्टी से बगावत की। मुख्यमंत्री कुमारस्वामी को विश्वास मत हासिल करने के लिए बाध्य होना पड़ा।



उसके बाद के पूरे सियासी ड्रामे को पूरे देश ने टेलीविजन पर देखा। इन 17 विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष ने अयोग्य करार दिया, जिसके कारण सदन का संख्या बल 208 रह गया था और 106 सदस्यों के समर्थन के साथ येदियुरप्पा ने जुलाई में एक बार फिर सरकार बनाने का दावा पेश किया और वह विश्वास मत हासिल करने में भी सफल रहे। अयोग्य करार दिए गए इन विधायकों ने स्पीकर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने स्पीकर द्वारा दलबदल कानून के तहत उन्हें तत्काल अयोग्य करार दिए जाने के निर्णय को सही ठहराया, मगर मौजूदा विधानसभा की पूरी अवधि तक के लिए उनकी अयोग्यता का समर्थन न करते हुए इन्हें दोबारा उप-चुनाव लड़ने की इजाजत दे दी। कांग्रेस और जनता दल(एस) के इन बागी विधायकों को न सिर्फ भाजपा की सदस्यता दी गई, बल्कि उप-चुनाव में पार्टी का टिकट भी दिया गया। ऐसा लगता है कि इन बागियों को चुनकर मतदाताओं ने इस पूरी प्रक्रिया में अपनाई गई नैतिकता को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। कांग्रेस और जनता दल(एस) मतदाताओं को आश्वस्त करने में नाकाम रहे, क्योंकि उनका प्रचार अभियान बेहद फीका था। चूंकि मुकाबला त्रिकोणीय था, ऐसे में स्वाभाविक ही भाजपा लाभ उठाने में कामयाब रही। कांग्रेस के लिए चिंता की बात यह है कि उसने विपक्ष को सत्ता से बेदखल करने की भाजपा की आक्रामक रणनीति को उजागर करने का जो अभियान चलाया था, वह कर्नाटक व महाराष्ट्र, दोनों जगहों पर कारगर साबित नहीं हुआ। कई ऐसे मुद्दे हैं, जो मतदाताओं के सामने थे और यह माना जाना चाहिए कि वोट डालते हुए उन्होंने उन पर भी गौर किया होगा। जैसे, साल 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा अपने जिन प्रतिद्वंद्वियों के हाथों इन सीटों पर चुनाव हार गई थी और वही उम्मीदवार सिर्फ पार्टी बदलकर एक बार फिर जीत गए हैं। इस बीच, कांग्रेस पार्टी के मुख्य रणनीतिकार डी के शिवकुमार के खिलाफ आयकर विभाग व प्रवर्तन निदेशालय ने कई मुकदमे दर्ज किए और उन्हें दिल्ली की जेल में रहना पड़ा। इसने उन्हें प्रचार अभियान के दौरान बिल्कुल निष्क्रिय कर दिया था और फिर जनता दल(एस) का सत्ता के लिए भाजपा या कांग्रेस के पक्ष में जाने के पुराने इतिहास ने भी भगवा पार्टी के पक्ष में माहौल बनाया।

## पुलिस वालों की जिंदगी का भी अजब फसाना है तीर भी चलाना है और परिंदों को भी बचाना है



इतना आसान भी नहीं है एक सुरक्षाकर्मी होना जितना हम सोच लेते हैं पुलिस होना अपने आप में एक गर्व की बात है अगर आप अपने घरों में गांव में महफूज है तो पुलिस ही है जो हमें देखो अपने घरों में सोने की आजादी देती है पर गौर फरमाने वाली बात यह भी है कि क्या हम उन खाकी धारकों को वह सम्मान दे पा रहे हैं जो वह हम सभी से उम्मीद करते हैं उनके बलिदान को बलिदान समझते हैं अभी एक साल पहले ही बुलंदशहर में हुए एक दंगों में स्याना थाना क्षेत्र के थाना अध्यक्ष शहीद सुबोध कुमार सिंह ने आम जनता की रक्षा करते हुए अपनी जान कुर्बान कर दी आपको बता दें कि उन्हें मारने वाले कोई और नहीं बल्कि वही भीड़ थी जिसकी सुरक्षा के लिए उन्हें मुस्तैद किया गया था और सब से चिंता नियर बात यह है कि उन्हें जिस भीड़ ने मारा उसे जरा सा भी अफसोस नहीं है कि उसने कुछ गलत नहीं किया क्या इसी तरह से हम उनके बलिदानों का इनाम देते रहेंगे आज जब अपराधियों की गाड़ियां पुलिस से तेज है हाईटेक साइबर अपराधी आज बहुत बड़ी चुनौती है इससे निपटने के लिए पुलिस कम साधनों में भी बेहतर परिणाम दे रही है कलही कम संसाधनों के बावजूद पुलिस का बड़ा ही महत्व है पुलिस ही है जो कानून व्यवस्था को बनाए हुए हैं क्योंकि अपराधियों तो चाहते हैं कि आम आदमी के मन में भय बना रहे पुलिस अपनी जिम्मेदारियों की आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा हो को बखूबी निभा रही है अपने जिले दमोह मैं देखता हूं कि पुलिस कम साधनों में बावजूद बहुत सी बेहतर काम कर रही है पुलिस के जवान अपनी छाती पर गोली खाकर खाकी वर्दी का मान रखते हैं उन्हें गर्व है अपनी वर्दी पर वह जूनून से भरे हुए होते हैं क्योंकि खाकी कोई मौज मस्ती नहीं है खाकी तो जूनून है । गर्व करों इस वर्दी पर सब पर यह रंग नहीं खिलता किस्मत के बिना इस दुनिया में खाकी परिधान नहीं मिलता।

**विशाल रजक**
**दमोह मध्यप्रदेश**

# देश को मजबूत करने में जुटे हैं प्रवासी भारतीय

**जयंतीलाल भंडारी**

दुनिया में भारतीय प्रतिभाओं और प्रवासी भारतीयों की अहमियत लगातार बढ़ रही है। कई भारतीय युवाओं का लोहा पूरी दुनिया मान रही है। हाल ही में 4 दिसंबर को गूगल के सीईओ सुंदर पिचई को उनकी मूल कंपनी अल्फाबेट का भी सीईओ बना दिया गया। इस प्रतिष्ठित पद पर पहुंचने वाले पिचई पहले भारतीय बन गए हैं। पिचई साल 2004 में गूगल से जुड़े थे और गूगल टूलबार विभाग और इसके बाद गूगल क्रोम के प्रमुख बने थे। तमिलनाडु के मदुरै में जन्मे पिचई ने आईआईटी खड़गपुर से पढ़ाई की है। पिचई अगस्त 2015 में गूगल के सीईओ बने थे। निस्संदेह, दुनिया की जिन दिग्गज कंपनियों को भारतीय चला रहे हैं, उनमें माइक्रोसॉफ्ट भी शामिल है, जिसे सत्या नडेला चला रहे हैं। हैदराबाद के नडेला फरवरी 2014 में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ बने थे। कानपुर के मेहरोत्रा माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ हैं। शांतनु नारायण एडोब के सीईओ हैं। आगरा के पालीवाल हर्मन इंटरनेशनल के सीईओ हैं। अजय बंगा मास्टर कार्ड के सीईओ हैं और वह अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के बोर्ड में भी रह चुके हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि विदेश में रह रहे भारतीय कारोबारियों, वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और उद्यमियों की भूमिका सराही जा रही है। भारत की नई पीढ़ी की श्रेष्ठता को स्वीकार किया जा रहा है। दुनिया के कई राष्ट्र प्रमुखों ने अपनी अर्थव्यवस्थाओं में प्रवासी भारतीयों के



योगदान का अनेक बार उल्लेख किया है। भारतीय प्रवासी ईमानदार, परिश्रमी और समर्पण का भाव रखते हैं। आईटी, कंप्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भारतीय प्रवासी सबसे आगे हैं। इस समय जब भारत आर्थिक सुस्ती के दौर से गुजर रहा है, तब प्रवासियों की कमाई भारत के लिए भी काफी कारगर है। 6 दिसंबर को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 451 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया। जाहिर है, इसमें प्रवासी भारतीयों का अहम योगदान है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की संस्था इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) की रिपोर्ट 2019 के मुताबिक, विदेश से अपने देश धन भेजने के मामले में भारतीय प्रवासी फिर सबसे आगे रहे हैं। पिछले साल 2018 में प्रवासी भारतीयों ने 79 अरब डॉलर (करीब 5.5 लाख करोड़ रुपये) की राशि स्वदेश भेजी। भारत के बाद चीन का स्थान आता है। चीन में प्रवासी चीनियों ने 67 अरब डॉलर भेजे हैं। वर्ष 2010 से अब तक प्रवासी भारतीय धन भेजने में दुनिया में पहले क्रम पर बने हुए हैं। खासतौर से तीन वर्ष में विदेश से भारत भेजे गए धन में बहुत वृद्धि हुई है।

## मानवता ही मनुष्य धर्म है

आज हर इंसान गुमराह होता जा रहा है जाति के नाम पर धर्म के नाम पर किन्तु मानव जाति एक ही



है और मानवता एक ही है बनाने वाले भगवान ने जब कोई अंतर नहीं बनाया फिर मनुष्य क्यूँ ये अंतर बना रहा है क्या मनुष्य का दिमाग काम करना बंद कर दिया है या मानव के दिमाग में दानव का राज हो गया है इंसान हैवान क्यूँ होता जा रहा है यह सब देख कर भगवान भी आश्चर्य कर रहा होगा दुनिया बना कर मनुष्य जो धरती पर भेजा अच्छे कर्म करने के लिए पर मनुष्य तो जानवर से भी बत्तर होता जा रहा है मनुष्य मनुष्य का दुश्मन बनता जा रहा है जाति और धर्म के नाम पर जब की सबसे बड़ा धर्म मानवता है मेरे देश वासियों धर्म तो मानव के दिल में एक दूसरे के लिए प्रेम बना रहे इस लिए बनाया गया है ताकि अधर्म करने से पहले मनुष्य भगवान से डरे और धर्म की राह पर चले न की धर्म के नाम पर अधर्म करे । जय हिंद जय भारत ।

।।एक मानवता की सीख।।

**रामकृष्ण राजपूत**
**पत्रकार रत्नौद**

# पाउडर बढ़ाएगा खूबसूरती

1 संतरे के छिलकों का प्रयोग करने के लिए आप इन्हें सुखाकर पाउडर बना बना सकते हैं या फिर इनका पेस्ट बनाकर भी प्रयोग कर सकते हैं। इस लेप को चेहरे पर लगाने से आपकी त्वचा के दाग और मुंहासे खत्म हो सकते हैं।

2 संतरे के छिलके का पाउडर बेहतरीन और पोषण से भरपूर स्क्रब का कार्य करता है। आप इसमें गुजाबजल मिलाकर पेस्ट बनाकर चेहरे पर कुछ देर लगाए रखें और स्क्रब करते हुए साफ करें। अगर आपकी त्वचा रूखी है तो आप कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं।

3 दमकती हुई त्वचा के लिए संतरे के छिलके का पैक और स्क्रब बेहतरीन तरीका है। यह त्वचा को प्राकृतिक चमक देता है और इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।

4 आप चाहें तो संतरे के छिलके और संतरे के रस को मिलाकर पेस्ट बना सकती हैं। यह न केवल आपकी त्वचा को समान बनाएगा बल्कि त्वचा को नमी भी प्रदान करेगा।

5 धूप में अगर आपकी त्वचा झुलस गई है तो संतरे के छिलके का पैक बनाकर लगाने से इसका असर काफी कम हो जाएगा।

## एक बार जरूर आजमाएं यह बेहतरीन उपाय

देश के जवानों के चरणों में समर्पित
एक देश भक्ति रचना
सीमा पर जो वीर खड़े है,उनको कर लो याद जरा।
देश की रक्षा करते उनकी तो कर लो फरियाद जरा।।
सर्दी,गर्मी,बरसातों में भी वो सीमा पर रहते हैं।
दुश्मन ना घुस पाये वे बस नजर ताकते रहते हैं।।
आंतकी फिर छुपकर हमला करते है उन वीरों पर।
जैसे हमला करते है गीदड़, सियार भी शेरों पर।।
नहीं कभी परवाह करी उन्होंने घर-परिवार की।
चिंता करते हैं केवल बस अपने हिंदुस्तान की।।
अपनी मौत से लड़कर के भी दुश्मन से टकराते है।



जान की परवाह ना करते बस उनसे भिड़ जाते है।।
कब आएगा बेटा मेरा माँ घर पर चिंता है करती।
पत्नी भी बस लंबी उम्र की दुआ हमेशा ही करती।।
बच्चें भी पापा-पापा कहकर के रोज बुलाते हैं।
जब भी आओ तो पापा से खिलौने मंगवाते हैं।।
बातें घर की सारी भूले देश की रक्षा के खातिर।
हम सो पाते है यारों बस उनकी सुरक्षा के खातिर।
उनको भी अब याद करो जो देश की रक्षा करते हैं।
सरहद पर केवल ओर केवल अपने लिए ही मरते हैं।
भारत के उन वीर जवानों को वंदन मैं करता हूँ।
अपने शीश को मैं यारों उनके चरणों में रखता हूँ।।

कवि कृष्ण कुमार सैनी, राज
दौसा, राजस्थान



# क्लीन, स्मूद और लवली त्वचा पाएं...

वैक्सिंग आमतौर पर हेयर रिमूवल की अस्थायी विधि है, जो ज्यादातर महिलाओं के बीच लोकप्रिय है। इसके नतीजे इतने अच्छे होते हैं कि कई महिलाएं पूरी बॉडी की वैक्सिंग भी करवाती है। वैक्सिंग कितनी तरह कीहोती है, इन्हें करनेसे पहले ओर बाद में किस तरह की सावधानियां रखनी चाहिए, आइये जानते हैं। जिससे स्किन पूरे महीने स्मूद और लवली बनी रहे। हॉट वैक्सग में वैक्स को वॉर्मर में गरम करें। हेयर ग्रोथ की डाइरेक्शन में ही पतली लेअर लगाएं। इसके ऊपर स्ट्रिप प्रेस करके एक ही झटके के साथ ऊपर की ओर खींचे। इससे न सिर्फ अनवांछित बाल निकल जाएंगे, बल्कि मृत त्वचा और मैल भी साफ हो जाएंगे। ट्रेडिशनल वैक्सिंग में शुगर वैक्सिंग काफी पॉपुलर है। गाढी, गरम, पिघली चीनी स्किन पर हेअर ग्रोथ की डाइरेक्शन में फैलाएं, फिर कपडे या कागज की स्ट्रिप दबाव के साथ इस पर लगाएं और एक ही झटके साथ ऊपर की ओर खींचें। इस वैक्सिंग में नींबू का रस भी होता है, वैक्सिंग के बाद स्किन क्लीन हो जाती है। कोल्ड कहने को यह कोल्ड वैक्स है, पर इसे भी हल्का गुनगुना करके इस्तेमाल में लाया जाता है। इसे भी उसी विधि से इस्तेमाल करते हैं, जिससे विधि से हॉट वैक्सिंग इस्तेमाल करते हैं। वैक्सग पॉइंट बहुत पतले और छोटे स्पेटुला की मदद से वैक्स लगाएं और पतली स्ट्रिप लगा कर ऊपर की ओर खींचे। कटोरी वैक्स भी आई ब्रो वैक्सिंग के लिए सही मानी जाती है। नेचुरल बी वैक्स से तैयार की गयी वैक्स बिकनी वैक्सिंग में इस्तेमाल की जाती है। बी वैक्स खासतौर पर इसलिए तैयार की जाती है, क्योंकि यह सिंथेटिक वैक्स की तुलना में मोटे बालों को आसानी से रिमूव करती है। इसे अमेरिकन, ब्राजीलियन वैक्सिंग में इस्तेमाल किया जाता है। वैक्सिंग से पहले स्किन पर बेबी पाउडर लगा लें। पाउडर से स्किन ड्राई हो जाएगी और वैक्सिंगस्ट्रिप पर हेयर निकल आएंगे।



रोमांचक मुकाबले में

# लहार ने असवार एबम मिहोना ने आलमपुर को हराया

अर्पित गुप्ता

लहार। सामान्य प्रशासन मंत्री डॉ गोविन्द सिंह के पिता स्वा मथुरा सिंह की स्मृति में इंदिरागांधी स्टेडियम लहार में 20- 20 क्रिकेट टूनामेंट के आज दसवें दिन के पहले मैच का शुभारंभ बिधायक प्रतिनिधि एवम पूर्व मंडी अध्यक्ष उत्तम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय शुरू किया आज का पहला मैच असवार एबम लहार के बीच खेला गया इस मौके पर उत्तम सिंह जी द्वारा स्व.मथुरा सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया इस मौके पर रिटायर्ड ब्याख्याता एबम पूर्व प्राचार्य किशोर सिंह, समिति के संरक्षक जिलाध्यक्ष सहकारी बैंक भिंड उदयप्रताप सिंह सेंगर,अशोक यादव पार्षद,प्रशांत उर्फ पिंटू त्रिपाठी,सन्तोष गुर्जर,जानकी समाधिया आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे वही दूसरा मैच मिहोना एबम आलमपुर के बीच खेला गया जिसमें मुख्यातिथि मैच के संरक्षक उदयप्रताप सिंह राजाबाबू सेंगर जिलाध्यक्ष सहकारी बैंक भिंड एबम थाना प्रभारी लहार दिलीप सिंह यादव,थाना प्रभारी असवार दीपेंद्र सिंह यादव रहे उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत कराई इस मौके पर उनके साथ सन्तोष गुर्जर, रिंकी अग्रवाल, शिवप्रताप सिंह,मुसर्रत खान,सलीम खान,जितेंद सिंह आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**अंपायरों के निर्णय से दर्शक प्रभावित**-चम्बल डिविजन के सफल एम्पायर शिव प्रताप सिंह भदौरिया एबम अरविंद यादव के निर्णय से मैच के दर्शक काफी प्रभावित है अपनी सफल एम्पायरिंग के चलते दर्शकों को



लुभा कर रखा है उनके साथ चम्बल डिवीजन के स्कोरर अभिषेक सिंह भदौरिया एबम गोपाल सिंह भदौरिया सफल स्कोर लेखन के लिए लहार में अपना लोहा मनबा चुके है और वही कॉमिन्ट्रेटर रामशंकर पाण्डेय,श्यामू राजोरिया, महावीर सिंह राजावत,दीपक सिंह,जितेंद सिंह जीतू भैया एबम सतीश गुप्ता डिस्को ने अपनी सफल कॉमिन्ट्री से सबका मन मोह लिया है।

**दसवें दिन का पहला मैच**-दसवें दिन का पहला मैच असवार एबम लहार टीम के बीच खेला गया जिसमें बिधायक प्रतिनिधि एबम पूर्व मंडी अध्यक्ष उत्तम सिंह जी ने असवार के कप्तान नरेंद्र तोमर एबं लहार के कप्तान हर्ष के बीच टॉस कराया जिसमे असबार टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया ओर बल्लेबाजी करते हुए असवार ने 104 रन बनाए ओर लहार टीम को जीत के लिए मात्र 105 रन का लक्ष्य रक्खा वही लहार टीम ने अपनी पारी की धमाकेदार शुरुआत करते हुए 1 विकेट खोकर 8 ओवर 1 गेंद में 105 रन ही बनाकर असवार को करारी हार दी और लहार टीम की धमाकेदार बिजय हासिल की और वही लहार की तरफ से बहरीन प्रदर्शन करते हुए गोपाल सिंह सेंगर ने 18 गेंद में 32 रन बनाये ओर 4 ओवर लेकर 4 विकेट भी चटकाये ओर मैन ऑफ दी मैच रहे जिन्हें मैच के संरक्षक जिलाध्यक्ष सहकारी बैंक भिंड उदय प्रताप सिंह उर्फ राजाबाबू सेंगर के द्वारा मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी प्रदान की गई।

**दसवें दिन का दूसरा मैच**-नोवें दिन का दूसरा मैच मिहोना एबम आलमपुर के बीच खेला गया जिसमें मिहोना टीम के कप्तान अतुल सिंह एबम आलमपुर टीम के कप्तान राघवेंद्र कौरव का मुख्यातिथि मैच के संरक्षक जिलाध्यक्ष सहकारी बैंक उदय प्रताप सिंह राजाबाबू ने टॉस करबाया जिसमे आलमपुर टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया ओर मिहोना टीम ने अपनी लड़खड़ाती बल्लेबाजी के चलते 19 ओवर में अपने पूरे विकेट खोकर 191 रन बनाए ओर आलमपुर टीम को जीत के लिए 192 रन का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए आलमपुर की टीम अपनी लड़खड़ाती बल्लेबाजी के चलते 13 ओवर में अपने टीम के पूरे विकेट खोकर महज 101 रन ही बना पाई और मिहोना टीम बिजयी घोषित हुए मिहोना टीम की तरफ से शानदार बोलिंग करते हुए फहीम खान ने 4 ओवर लेकर 4 बिकेट चटकाकर मैन ऑफ दी मैच हासिल किया थाना प्रभारी असवार दीपेंद्र यादव ने फहीम खान को मैन ऑफ दी मैच देकर सम्मानित किया।

# न्यायालय में लंबित मामलों में समय पर जवाब प्रस्तुत करें

शिवपुरी (ब्यूरो)। उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में सभी अधिकारी समय पर जवाब प्रस्तुत करें। अवमानना के प्रकरणों में अधिकारी स्वयं उपस्थित होकर जवाब दें। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती अनुग्रह पी ने सभी अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करें अन्यथा संबंधित विभागीय अधिकारी पर कार्यवाही होगी।

अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर श्रीमती अनुग्रह पी ने समस्त अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय का डेस्क इंस्पेक्शन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि उनके द्वारा कार्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा और यदि इस दौरान कमी मिलती है तो संबंधित विभागीय अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने जिला पंचायत सीईओ एवं अपर कलेक्टर को भी कार्यालयों का निरीक्षण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी अपने अधीनस्थ अमले पर नियंत्रण रखें और समय-समय पर उनके कार्यों की समीक्षा करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एच.पी.वर्मा, अपर कलेक्टर आर.एस. बालोदिया, एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती अनुग्रह पी ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सप्ताह में 2 दिन फील्ड में अवश्य जाएं और यह देखें कि किए जा रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति क्या है। उन्होंने कहा है कि सभी अपनी टूर डायरी प्लान करें और अनुमोदन के लिए भी भेजें। कलेक्टर श्रीमती अनुग्रह पी ने टीएल बैठक में यूरिया



वितरण की समीक्षा करते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक को निर्देश दिए हैं कि यूरिया वितरण कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता ना हो। इसके लिए क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं। सभी एसडीएम भी देखें कि यूरिया वितरण केंद्रों पर स्थिति सामान्य रहे और नियमानुसार वितरण कार्य किया जाए और लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही करें।

# राजस्व अधिकारियों की बैठक में प्रकरणों की समीक्षा



श्योपुर ( ब्यूरो )। नवागत कलेक्टर सुश्री प्रतिभा पाल ने जिले के राजस्व अधिकारियो की कलेक्टर कार्यालय के सभागार में पहली बैठक आयोजित की गई। जिसमें राजस्व विभाग के माध्यम से प्रकरणो की समीक्षा की गई। साथ ही अधिकारीवार समय सीमा के प्रकरणो के निर्देश राजस्व अधिकारियो को दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री हर्ष सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सुनीलराज नायर, डिप्टी कलेक्टर श्री विजय यादव, एसडीएम श्योपुर श्री रूपेश उपाध्याय, विजयपुर श्री त्रिलोचन गौड, तहसीलदार विजयपुर श्री अशोक गोबाडिया, एसएलआर श्री अनिल शर्मा, प्रभारी तहसीलदार श्योपुर श्री भरत नायक, नायब तहसीलदार श्री शिवराज मीणा, श्री राघवेन्द्र कुशवाह, कु. रजनी बघेल, कु. रेखा कुशवाह, श्री नवल किशोर जाटव, श्री हरीओम पचौरी उपस्थित थे। कलेक्टर सुश्री प्रतिभा पाल ने कहा कि राजस्व प्रकरणो का निराकरण समय सीमा में किया जावे। उन्होने कहा कि राजस्व संबंधि प्रकरणो का निराकरण करने में सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जावे। उन्होने कहा कि राजस्व संबंधी सभी प्रकरणो का निराकरण होने से जन अधिकारी वीसी में कोई भी प्रकरण नही आयेगा। इसलिए तत्काल प्रकरणो का चिन्हांकन कर उनका निरकरण आज ही किया जावे। नवागत कलेक्टर ने कहा कि आरओ बैठक के बिन्दुओ का निराकरण होना चाहिए। साथ ही डीआरडीओ के लिए जमीन आवंटन के कार्य में प्रगति लाई जावे। इसी प्रकार मूजरी बाध से संबंधित भू-अर्जन की कार्यवाही शीघ्र की जावे। साथ ही चंबल एक्सप्रेस वे के सभी प्रकरण तैयार किये जावे। साथ ही चंबल माइनर का कार्य समय सीमा में पूरा किया जावे।

# बाल अधिकार उन्मखीकरण कार्रक्रम आरोजित

दतिया। मानव अधिकार दिवस के पूर्व जिला बाल अधिकार मंच द्वारा बाल अधिकार उन्मखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतोष उपाध्याय ने जिला बाल अधिकार मंच के बारे में व्यापक जानकारी दी। कार्यक्रम में सहज योग परिवार की ओर से अमित अग्रवाल व रोहित गुप्ता ने बच्चों व शिक्षकों को सहज योग की प्रक्रिया में बताते हुए योग से जीवन में होने वाले परिवर्तनों के साथ ही स्वयं को स्वस्थ्य बनाने में सहायक बताया। उन्होंने सहज योग से लाभान्वित हुए लोगों के बारे में जानकारी दी। बाल अधिकार मंच के संयोजक रामजीशरण राय ने किशोर न्याय अधिनियम २०१५ के कानूनी प्रावधानों के बारे में व्यापक जानकारी देते हुए किशोर न्याय बोर्ड के बारे में बताया। कार्यक्रम में डीसीआरएफ सदस्य सरदारसिंह गुर्जर ने लैंगिक हिंसा से बालकों के संरक्षण अधिनियम २०१२ के कानूनी प्रावधानों की



जानकारी दी। वहीं अरुणा सिंह गुर्जर ने गुड टच व बैड टच के बारे में बताया। कार्यक्रम में अशोक शाक्य, देवेन्द्र बौद्ध, महेन्द्र कुमार शर्मा, अशोक परिहार, मधुवाला खरे, कु. आफरीन बानो, बलवीर पाँचाल, पीयूष राय, जितेंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सर्वसुविधायुक्त मीडिया सेन्टर बनेगा भोपाल में

**भोपाल।** जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने बताया है कि भोपाल में मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन की भूमि पर राज्य शासन द्वारा सर्व-सुविधा युक्त मीडिया सेन्टर का निर्माण कराया जायेगा। इसमें ऑडिटोरियम, बैन्क्वेट हॉल, सेमिनार हॉल और कान्फ्रेंस रूम के अतिरिक्त आर्ट गैलरी भी होगी। उन्होंने बताया कि देश-विदेश के मीडिया सेन्टरों का अध्ययन करने के बाद भोपाल में बनने वाले मीडिया सेन्टर भवन की डिजाइन तैयार कराई गई है। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि मीडिया सेन्टर में कान्फ्रेंस रूम बनाया जायेगा। नव-निर्मित मीडिया सेन्टर में पत्रकारों और शोध-संस्थाओं को मीडिया के विभिन्न रूपों के अध्ययन करने में मदद मिल सकेगी। शोध के लिये आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहेंगे। मीडिया सेन्टर में मीडिया एजेंसियों के लिये मीटिंग हॉल के अतिरिक्त लेक्चर थियेटर की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जनता से जुडी रिर्पोटिंग को और बेहतर बनाने के लिये पत्रकारों को प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन मुहैया कराने के प्रबंध भी किये जायेंगे। मीडिया सेन्टर में वेब कास्टिंग की आधुनिक सुविधाएँ भी उपलब्ध रहेंगी। इसमें पत्रकारों के लिये गेस्ट रूम भी निर्मित किए जाएंगे।

दशावतार में अवतारवाद की

# प्रचलित धारणा से अधिक जैविक विकास की कथा का वर्णन

**शिवपुरी ब्यूरो।** प्राचीन ग्रंथों का विषय अध्ययन कर दशावतार के लेखक प्रमोद भार्गव ने जैविक विकास के क्रम को न केवल सारगर्भित रूप में प्रस्तुत किया है बल्कि अवतारवाद की परिकल्पना को भी जैविक विकास से उन्होंने जोड़ने का प्रयास किया है। उक्त उदगार लेखक प्रमोद भार्गव की कृति दशावतार की समीक्षा करते हुए अपने अध्यक्षीय उदबोधन में प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ पुरूषोत्तम गौतम ने व्यक्त किए। गौतम ने कृति के रचियता प्रमोद भार्गव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने पौरोणिक कथाओं में से छान छानकर सत्य परोसा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ लखनलाल खरे ने अपने उदबोधन में कहा कि दशावतार में मनुष्य के विकास में रहस्य छुपा हुआ है। शिवपुरी के वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार प्रमोद भार्गव द्वारा लिखित पुस्तक दशावतार की समीक्षा अखिल भारतीय साहित्य परिषद शिवपुरी द्वारा आज संस्कार विद्यालय शिवपुरी में की गई। दशावतार में भगवान विष्णु के दस अवतार किस तरह से हुए इसके विकास के क्रम को दर्शाया गया है।

दशावतार की समीक्षा में विभिन्न वक्ताओं ने साफगोई से अपनी बात रखी। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एएल शर्मा ने पुस्तक में वर्णित विज्ञान सम्मत तथ्यों की चर्चा करते हुए लेखक के अध्ययन की तारीफ की और कहा कि दशावतार शब्द इस संदर्भ में भृमित करने वाला है, क्योंकि इसमें आमतौर पर प्रचलित अवतारवाद की झलक नहीं मिलती। बल्कि पुस्तक जैविक विकास की कथा को वर्णित करती है। यह बात अलग है कि जानवर से मनुष्य किस तरह से आया इससे लेखक भार्गव प्रसिद्ध जीव वैज्ञानिक चार्ल्स डारबिन से सहमत नजर नहीं आते। उन्होंने कहा कि लेखक ने ग्रंथ को उपन्यास की तरह लिखने की कोशिश की है। लेकिन साहित्यकार होने के नाते पुस्तक में कहीं कहीं शब्दिक दृष्टि से क्लिष्टता नजर आती है। करैरा महाविद्यालय के प्राचार्य लखनलाल खरे ने उनसे असहमति दर्शाते हुए कहा कि जहां डॉ शर्मा को पुस्तक में जटिलता और कठोरता नजर आती है, असल में वह साहित्यिक खूबसूरती है एवं साहित्य का सौंदर्यशात्र है। नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं कवि डॉ एचपी जैन ने कहा कि चूकि मैं विज्ञान का विद्यार्थी रहा हूं और दशावतार में वहीं सब विज्ञान की बातें हैं जिन्हें मैं पढ़ चूका हूं। इसलिए पहली नजर में मैं पुस्तक से प्रभावित नहीं हुआ। लेकिन जब मैंने देखा कि लेखक भार्गव जिनका विज्ञान से कोई नाता नहीं है इसके बाद भी वह विज्ञान सम्मत बात लिखने उपन्यास में कहीं चूके नहीं हैं तो इसके लिए वह प्रशंसा और अभिनंदन के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक को आप जितनी बार भी पढ़ेंगे उतनी बार अलग-अलग अर्थ निकलकर सामने आएंगे। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने अपने सारगर्भित उदबोधन में लेखक भार्गव के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अगर उनके समक्ष पारिवारिक परिस्थितियां पैदा नहीं हुई होती तो वह देश के आज एक जाने माने हस्ताक्षर होते। शर्मा ने भार्गव को सुझाव दिया कि दशावतार में बुद्ध के अवतार को भी शामिल किया जाए। क्योंकि ग्रंथों में बुद्ध को दशावतार में 9वां अवतार बताया गया है। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अजय खैमरिया ने अपने तर्कों से सिद्ध किया कि लेखक भार्गव दार्शनिक प्रतिभा के धनी हैं और इस नाते उनकी पुस्तक में सभी विधाएं समाहित हैं।

## युवक व वृद्ध के साथ मारपीट कर हवाई फायर किये

**दतिया।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के प्राक्षी होटल के पास शनिवार की सुबह तीन लोगों ने एक युवक के साथ गालीगलौच करते हुये जान से मारने की धमकी दी तथा तमंचा से हवाई फायर किये। वहीं थाना थरेट क्षेत्र के ग्राम मलऊआ में रविवार की शाम पांच लोगों ने एक पचहत्तर वर्षीय वृद्ध के साथ गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी और हवाई फायर किये। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर लिये हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम सिरौल हाल गंजी हनुमान मंदिर के पास रहनेवाला सीताराम उर्फ प्रमोद (32) पुत्र किशोरीलाल शर्मा शनिवार की सुबह दस बजे उनाव रोड पर प्राक्षी होटल के पास से जा रहा था तभी कुल्दीप यादव निवासी जिगना, अजय यादव निवासी लरायटा तथा मनीष यादव निवासी निचरौली ने एकराय होकर उसके साथ गालीगलौच कर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी तथा तमंचा से हवाई फायर किये। वहीं थरेट के मलऊआ का रहनेवाला अतर सिंह (75) पुत्र माधौसिंह यादव रविवार की शाम सात बजे गांव में जा रहा था तभी करी उर्फ कप्तान सिंह, हेमंत, स्वरूप सिंह, गुटाली तथा रामरूप सभी जातिगण यादव ने उसके साथ गालीगलौच कर जान से मारने की धमकी दी तथा हवाई फायर किये। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर लिये हैं।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक घायल

दतिया। थाना थरेट क्षेत्र के ग्राम चीना की पुलिया के पास सोमवार की दोपहर एक ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बड़ी मरसैनी का रहनेवाला रामअवतार (50)पुत्र मेवालाल कुशवाहा सोमवार की दोपहर बजे बाइक क्रमांक एमपी 32 एमएच 2870 से ग्राम चीना की पुलिया के पास से जा रहा था तभी स्वराज ट्रैक्टर के चालक त्रिमोहन धाकड़ ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया।

## देहात थाना पुलिस ने दो फरारी इनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार

**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक महोदय भिंड के विशेष अभियान के अंतर्गत तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान संजीव कंचन सर के निर्देशन में सीएसपी महोदय भिडं श्री दिनेश बैंस जी के मार्ग निर्देशन में थाना देहात के अपराध क्रमांक 620/19 धारा 307,323,294,147,148,149 ईजाफा धारा 302 ताहि का फरार व 5000/- 5000/- के दो फरारी आरोपी मे आरोपी चरण उर्फ चतुर पुत्र नृपत नरवरिया,व जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र नरोत्तम नरवरिया नि. बक्सीपुरा भिड़ को दबोहा मोड़ से गिरफ्तार किया गया.. घटना मे प्रयुक्त लाठी बरामद की गई व दोनो आरोपियो को माननीय न्यायालय पेश किया गया आरोपी को जिला जेल दाखिला दिलाया गया।

## एनएमओपीएस ने सेना दिवस पर किया रक्तदान सेना को मिले पुरानी पेंशन

शिवपुरी ब्यूरो। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के बैनर तले सशस्त्र सेना दिवस पर जिला चिकित्सालय शिवपुरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने 18 यूनिट रक्तदान किया जिलाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर कमेटी सदस्य जनक सिंह रावत जिला संयोजक के पी जैन प्रवक्ता मनोज शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया के पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मंजीत सिंह पटेल के आह्वान पर पूरे देश में सशस्त्र सेना दिवस (झंडा दिवस) के अवसर पर प्रत्येक जिला मुख्यालय पर पैरामिलिट्री फोर्स को समर्पित रक्तदान किया गया और संकल्प लिया गया कि हमारे अर्धसैनिक बलों को पुरानी पेंशन दी जाए उसके बाद अन्य कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन बहाल कर न्यू पेंशन स्कीम को समाप्त किया जाए आज हमारे देश की सीमाएं और देश सुरक्षित इन्हीं जवानों से है रक्तदान करने वालों में जिलाध्यक्ष जनक सिंह रावत जिला संयोजक के पी जैन राजकुमार गुप्ता करेरा मनोज शर्मा, वीरेंद्र सिंह रावत, रचना शाक्य, विष्णु शाक्य, राजेश सोनी, दिलावर सिंह, रावत, राजीव बाथम, दीपक मांझी, हेमंत यादव, सुवेंद्र ओझा, रवि राज, सोनू धाकड़,कमेटी सदस्य मनमोहन जाटव, प्रतिभा गंधर्व, मनोज बाथम सहित अन्य साथियों ने रक्तदान किया पुरानी पेंशन बहाल होने तक संगठन भिन्न-भिन्न तरीकों से केंद्र और राज्य सरकारों का ध्यान आकर्षित करवाना चाहता है जिससे देश के पैरामिलिट्री फोर्स और कर्मचारीयो को 2004 से बंद पुरानी पेंशन बहाल हो सके रक्तदान शिविर में कार्यकारी जिला अध्यक्ष जय कुमार शर्मा आर डी गुप्ता नंद किशोर पांडे प्रांतीय शिक्षक संघ के राजकुमार सरैया विपिन पचौरी आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष सुनील वर्मा सहित अन्य कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी ने दिए कोचिंग संचालकों को सीसीटीव्ही कैमरे लगाने निर्देश

छात्र-छात्राओं की सुरक्षार्थ कोचिंग संचालक दें ध्यान

**शिवपुरी ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में सभी थाना प्रभारियों को कोचिंग संचालकों की बैठक लेकर शहर एवं कस्बो में संचालित शैक्षणिक कोचिंग क्लासों के आस-पास यातायात प्रभावित न हो, इसके साथ ही कोचिंग क्लास के आस-पास का माहौल बेहतर बना रहे, यह जवाबदारी कोचिंग संचालकों की है इसके संबंध में सख्त निर्देश देने हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना प्रभारी निरी. सुधीर सिंह कुशवाह ने थाना खनियाधाना में कोचिंग संचालकों की मीटिंग लेकर सीसीटीव्ही कैमरे लगाने पर जोर दिया एवं उनसे कहा है कि जिन भवनों में कोचिंग संचालित की जा रही हैं, वह सुरक्षित हैं कि नहीं, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही कोचिंग क्लास के पास पर्याप्त वाहन पार्किंग की व्यवस्था , फायर सेफ्टी इत्यादि की व्यवस्था होना सुनिश्चित करें, बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि कोचिंग क्लास के आस-पास कोई भी अवांछनीय तत्व एवं भीड़-भीड एकत्र



नहीं होने दें, कोचिंग संचालक स्वयं भी अपने आस-पास के माहौल की मॉनीटरिंग करें और किसी आपातकलीन स्थिति में पुलिस को भी इसकी सूचना दें। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि कोचिंग में आने वाले सभी छात्र-छात्राओं का सम्पूर्ण डाटा कोचिंग संचालकों के पास होना चाहिए। साथ ही छात्र-छात्राओं के कम से कम दो स्थानीय अविभावकों के कोन्टेक्ट नंबर जरूर रखें। कोचिंग में आने वाले बच्चे अगर लंबे समय से अनुपस्थित हैं तो उसकी सूचना अभिभावकों के पास भी पहुँचें, लम्बे समय तक अनुपस्थित रहने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से कोचिंग संचालक स्वयं चर्चा कर उनकी अनुपस्थिति के संबंध में जानकारी लें एवं संदेह की स्थिति होने पर तत्काल पुलिस थाने में जानकारी दें, कोचिंग में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कोचिंग संचालक अनिवार्यत: परिचय पत्र भी प्रदान करें एवं मार्च 2020 तक प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक कोचिंग का संचालन करें।

### राष्ट्रपति की ग्वालियर प्रस्तावित यात्रा के

# दृष्टिगत कलेक्टर एवं एसपी ने किया मार्ग का भ्रमण

**ग्वालियर।** कलेक्टर अनुराग चौधरी, पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन एवं नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की प्रस्तावित ग्वालियर यात्रा के चलते उनके लिए निर्धारित रूट का निरीक्षण किया तथा रूट की साफ-सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए द्य

कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन ने वायुसेना विमानतल पर पहुँचकर वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की तथा ग्वालियर में राष्ट्रपति जी के आगमन के अवसर पर व्यवस्थाओं के संबंध में विचार-विमर्श किया । इसके पश्चात महाराजपुरा सिविल एयरपोर्ट का निरीक्षण कर वहां के अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने एयरपोर्ट से लौटते समय रास्ते का निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था भी देखी। जहां भी गंदगी मिली तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महाराजपुरा क्षेत्र में एक कलारी पर गंदगी एवं बड़ी संख्या में पानी के पाउच आदि पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ 50 हजार रूपए का जुर्माना करने के निर्देश कलेक्टर श्री चौधरी ने निगम अधिकारियों को दिए द्य निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे रास्ते में एवं डिवाइडर पर जहां भी गंदगी है तथा लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है उसे तत्काल



हटाया जाए एवं संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जावे द्य इसके साथ ही रास्ते मंस काफी समय से खड़े कंडम वाहनों को भी जप्त करने की कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एयरपोर्ट से पिंटो पार्क तक आने वाली सड़क के साईड में सर्विस रोड़ बनाने का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि सर्विस रोड़ बनाने की स्वीकृति दी जा सके। एयरपोर्ट के दोनों ओर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। जिसके कारण गंदगी भी हो रही है। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन लोगों ने सड़क पर गंदगी की है, उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाए।

**विद्युत चोरी करने वालों के विरूद्ध करें कड़ी कार्रवाई** –कलेक्टर अनुराग चौधरी ने निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सीधे विद्युत लाईनों से तार डालकर विद्युत की चोरी करते पाए जाने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान चलाकर विद्युत चोरी करने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अभियान के दौरान पुलिस बल को भी साथ रखें और सख्ती के साथ कार्रवाई करें। विद्युत चोरी करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए।

**सड़क किनारे पशुपालन करने वालों पर भी हो कार्रवाई** – कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने सिविल एयरपोर्ट से पिंटो पार्क चौराहे तक की दोनों सड़कों के किनारे कई लोगों को गाय, भैंस, बांधकर व्यवसाय करता देख नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन को निर्देशित किया है कि ऐसे सभी लोगों के विरूद्ध निगम कार्रवाई करे। किसी भी पशुपालक को सड़क के किनारे पशुपालन करने की इजाजत नहीं है। ऐसा करने वालों के विरूद्ध निगम दण्डात्मक कार्रवाई करे। इसके साथ ही सड़क पर गंदगी करने के लिए जुर्माने की कार्रवाई भी की जाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम श्री किशोर कन्याल, अपर कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह, एसडीएम श्री प्रदीप तोमर, श्री अनिल बनबारिया सहित लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।



### मानव अधिकार प्रोटेक्शन की

# मुहिम निरंतर जारी राहगीरों ने की सराहना कहां जनहित में कारगार साबित होगी यह मुहिम

**ग्वालियर।** मंगलवार 10 दिसंबर को मानव अधिकार प्रोटेक्शन की टीम ने सिटीसेन्टर स्थित जीवाजी विश्विद्यालय गेट पर जन जागरूकता अभियान चलाया जिसमे वाहन चालकों को पर्चे देकर जागरूक किया गया की घ्घायल का वीडियो ना बनाएं उसे हॉस्पिटल पहुंचाएं व हेलमेट लगाएं और सुरक्षित चलें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र झा जिला अध्यक्ष अनिल सिंह विनय जैन सुलभ श्रीवास्तव सकुंतला तोमर रविदत्त शर्मा जागेश साहू किशोर बाथम धर्मेंद्र सिंह लोकेंद्र गुर्जर डॉ पीएस राजोरिया अलीराजा अजय पेमदे रवि प्रजापति मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया गया

# राष्ट्रगान प्रसारण के कार्यक्रम में मप्र चेम्बर ऑफ़ कामर्स के अध्यक्ष विजय गोयल उपस्तिथ रहे



**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा समर्पण,कल्प एड द्वारा महाराज बाड़े पर प्रातः 8.30 बजे राष्ट्रगान प्रसारण के कार्यक्रम में म प्र चेम्बर ऑफ़ कामर्स के अध्यक्ष श्री विजय गोयल उपस्तिथ हुए। राष्ट्गान में नगर के तीन चार सौ नागरिक उपस्तिथ रहे।राष्ट्र्गान के पश्चात राष्ट्रगान प्रसारण समिति के संयोजक और शाखा संरक्षक श्री अरविंद दूदावत एडवोकेट द्वारा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया की दिनांक 12.08.2018 को राष्ट्गान प्रसारण प्रारम्भ किया गया जबसे राष्ट्रगान निरंतर गर्मी,बरसात,सर्दी की परवाह किए बग़ैर प्रसारित हो रहा है। श्री दूदावत, गिरीश अग्रवाल, गुलाब प्रजापति,संजय श्रीवास्तव,द्वारा माल्यार्पण कर श्री विजय गोयल का स्वागत किया गया।शाखा संस्थापक श्री संजय धवन एवं महेश धवन द्वारा श्री गोयल को स्मृति चिन्ह दिया गया। श्री गोयल ने परिषद द्वारा किए ज़ारहे राष्ट्गान प्रसारण की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा परिषद के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन श्री गिरीश अग्रवाल एवं सभी का आभार सचिव श्री संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# खाद पर्याप्त, सही मात्रा में उपयोग करें किसान

**ग्वालियर।** जिले में चालू रबी सीजन हेतु कुल 84500 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य है। जिसके विरूद्ध 4237 मीट्रिक टन उर्वरक भण्डारण कराया जाकर 31578 मीट्रिक टन उर्वरक कृषकों को वितरण किया जा चुका है। गेहूँ का रकबा बढ़ने से यूरिया की मांग बढ़ी है। यूरिया का कुल लक्ष्य 46000 मीट्रिक टन है, जिसके विरूद्ध 25499 मीट्रिक टन का भंडारण कराया जाकर 21206 मीट्रिक टन कृषकों को वितरण किया जा चुका है। कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी के निर्देशन में जिले की सभी 76 सहकारी समितियों में यूरिया तथा डीएपी का भण्डारण एवं वितरण कराया जा रहा है। वर्तमान में सहकारी समितियों में 1330 मीट्रिक टन यूरिया एवं 831 मीट्रिक टन डीएपी भंडारित है। गेहूँ की अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए आधार रूप में 130 कि.ग्रा. डीएपी, 80 किग्रा. यूरिया, 66 किग्रा. पोटाश तथा 24 किग्रा. जिंक सल्फेट बोवाई के समय दिया जाना आवश्यक है। शेष यूरिया की मात्रा 65 - 65 किग्रा. दो बार में खड़ी फसल में प्रथम एवं द्वितीय सिंचाई में प्रति हैक्टेयर की दर से दिया जाना चाहिए। इसके अलावा कृषक भाई अपनी मिट्टी का तीन वर्ष में एक बार परीक्षण अवश्य कराएं। यदि मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्व की कमी हो तो मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अनुशंसा अनुसार सूक्ष्म पोषण तत्व आधार रूप में या छिड़काव के द्वारा अवश्य ही देना चाहिए। कृषक भाईयों को ज्यादा यूरिया की मात्रा कभी नहीं डालना चाहिए, क्योंकि ज्यादा मात्रा से खेती की लागत तो बढ़ती है पर लागत के एवज में उपज का लाभ किसान को नहीं होता है।



# मानव अधिकार दिवस पर शिविर का आयोजन

**अमित शर्मा**

**ग्वालियर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व सांस वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से सिरोल रोड स्थित जाटव मोहल्ले में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर शिविर का आयोजन किया गया।जागरूकता और शिक्षा से होगी मानव अधिकारों की रक्षा यह बात मानव अधिकार आयोग मित्र एवं पी एल व्ही अंशुमान शर्मा ने मानव अधिकार को लेकर आयोजित शिविर में कही।मानव अधिकार आयोग मित्र अधिवक्ता गायत्री सुर्वे ने बताया कि स्वच्छ पानी से लेकर स्वच्छ वातावरण का हक़ ही है मानवाधिकार , मीडियेटर एवं पी एल व्ही प्रदीप कश्यप ने बताया की आपसी समझौते और संयम ही है आज की आवश्यकता वही ज़िला विधिक के प्रोजेक्ट कॉरडिन्टर अरुण सिंह ने जहाँ सबको मानवाधिकार दिवस की बधाई दी वही ज़िला विधिक की कार्यशैली और लोक अदालत से जनता को अवगत कराया। शिविर का संचालन सांस वैलफेयर फाउंडेशन की सचिव एवं पी एल व्ही हरप्रीत कौर ने किया। आभार पी एल व्ही कविता तायल ने दिया शिविर में पीएलवी अरोड़ा , एनडी वर्मा, पीएलवी ज्योति शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है: कलेक्टर

**ग्वालियर।** मनुष्य के जीवन का सबसे सुनहरा समय होता है युवावस्था । युवावस्था में जो अपने जीवन को सही दिशा देता है वहीं भविष्य में सफल इंसान भी बनता है। युवावस्था में लिया गया निर्णय ही आने वाले भविष्य की दिशा तय करता है। कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने मंगलवार को आद्यात्म विभाग के माध्यम से जिले में कैरियर काउंसलिंग की शुरूआत में टारगेट मैथमेटिक्स कोचिंग सेंटर में आईआईटी की कोचिंग कर रहे बच्चों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

कलेक्टर अनुराग चौधरी की पहल पर ग्वालियर जिले में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के कैरियर को सवारने के लिए उनको मार्गदर्शन देने हेतु एक अभिनव पहल प्रारंभ की है। इसके तहत विभिन्न कोचिंग सेंटरों के साथ-साथ महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विषय विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ अधिकारी संपर्क कर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस अभियान की शुरूआत मंगलवार को लक्ष्मीबाई कॉलोनी में संचालित श्री अज्ञात गुप्ता की टारगेट मैथेमेटिक्स कोचिंग सेंटर से की गई। इस मौके पर कोचिंग सेंटर के संचालक श्री अज्ञात गुप्ता, आद्यात्म विभाग के नोडल ऑफीसर एवं अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, अद्यात्म विभाग के समन्वयक डॉ. सत्यप्रकाश शर्मा सहित कोचिंग प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कलेक्टर अनुराग चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन सभी के जीवन का सबसे सुनहरा पल होता है। इस पल का सदुपयोग करना चाहिए। अपने जीवन में लक्ष्य बनाकर उसकी प्राप्ति के लिए जीतोड़ मेहनत करना चाहिए। आज की गई मेहनत सारे जीवन भर आपको आनंद और सुकून प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि हमें यह भी मान लेना चाहिए कि जो हमें पाना है उसके लिए हमें ही मेहनत करना है। कोई दूसरे की मेहनत आपको सफलता नहीं दिला सकती। कलेक्टर अनुराग चौधरी ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि आप दिन में कितने घंटे पढ़ते हैं। जरूरी यह है कि जितने भी समय पढ़ते हैं उसमें कितना ध्यान लगाते हैं। ध्यान लगाकर पढ़ी हुई बातें लम्बे समय तक याद रहती हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं से घबराना नहीं चाहिए। पूरे आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करें और परीक्षाओं का सामना करें। अगर आपने मेहनत की है तो कोई कारण नहीं है कि आप असफल होंगे। असफलताएं मिलें भी तो उससे निराश न हों। उससे सीख ले और आगे के लिए और कड़ी मेहनत करें। कलेक्टर अनुराग चौधरी ने छात्र-छात्राओं को बताया कि मैंने आईआईटी कानपुर से बीटेक सिविल इंजीनियरिंग में किया है। पहले दौर में मुझे भी भारतीय प्रशासनिक सेवा की प्रतियोगिता में असफलता मिली। लेकिन मैंने असफलता से सीख ली और कड़ी मेहनत कर सफलता अर्जित की। सफलता मिलती जरूर है लेकिन उसकी एक मात्र पूँजी है कड़ी मेहनत । उन्होंने छात्र-छात्राओं से यह भी कहा कि पढ़ाई के लिए हमें कुछ चीजों का त्याग भी करना होगा। कलेक्टर अनुराग चौधरी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अपने जीवन में आज से ही यह प्रण लें कि वे नियमित पढ़ाई करेंगे। इसके साथ ही सभी बच्चे प्रतिदिन समाचार पत्रों को पढ़ने की आदत डालें। इससे देश-दुनिया में क्या हो रहा है, इसकी जानकारी उन्हें मिलेगी और उनका ज्ञान बढ़ेगा। किताबों को ही अपना मित्र मानें। अपने परिवार की आशाओं पर खरा उतरने के लिए सभी युवाओं को अच्छी पढ़ाई करना चाहिए। इस मौके पर विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी से किस प्रकार पढ़ाई करना चाहिए, कितनी रोज पढ़ाई करना चाहिए, कलेक्टर बनने के लिए क्या करना चाहिए आदि प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया। अद्यात्म विभाग के नोडल ऑफीसर एवं अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य ने भी छात्र-छात्राओं को अपने बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिवेश में निवास करने के बाबजूद राज्य प्रशासनिक सेवा की परीक्षा की तैयारी कर किस प्रकार उन्होंने सफलता हासिल की। उन्होंने भी छात्र-छात्राओं से कहा कि नियमित पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास ही सफलता का एक मात्र रास्ता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अद्यात्म विभाग के समन्वयक डॉ. सत्यप्रकाश ने कलेक्टर अनुराग चौधरी द्वारा जिले में शुरू की गई छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग के इस अभियान की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे मध्यप्रदेश में ग्वालियर पहला जिला है जहां इस प्रकार का अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके सकारात्मक परिणाम हमें शीघ्र देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कोचिंग सेंटर के संचालक अज्ञात गुप्ता ने कलेक्टर अनुराग चौधरी एवं अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया। छात्र-छात्राओं ने भी कलेक्टर द्वारा बताए गए तरीकों से और अधिक पढ़ाई करने का आश्वासन दिया।

## जन-सुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आम जनों की समस्याएं

**ग्वालियर।** शासन की मंशा के अनुरूप प्रति मंगलवार को जन सामान्य की समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित होने वाली जन-सुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने जिला अधिकारियों के साथ जन-सुनवाई में आने वाले आवेदकों की समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना और उनके निराकरण के संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट के जन-सुनवाई कक्ष में इस दौरान अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित थे।




# विधानसभा क्षेत्र में गुणवत्ता विहिन निर्माण कार्यों के लिए अधिकारी होंगे जिम्मेदार : श्री गोयल

**ग्वालियर।** विधायक मुन्नालाल गोयल ने मंगलवार को वार्ड 57 एवं वार्ड 45 का दौरा किया । इस दौरे में विधायक गोयल सर्वप्रथम वार्ड 57 के अंतर्गत रानीपुरा नाले पर पहुंचे जहां 1 करोड 25 लाख की लागत से बन रहे कवर्ड नाला निर्माण कार्य को देखा। इस नाले में ठेकेदार ने गंदगी सफाई करने के लिए चेंबर बहुत छोटे कर दिए हैं जिससे हर वर्ष होने वाली नाला सफाई का कार्य नहीं हो पाएगा तथा प्रभावशाली लोगों के इसारों पर उनके निजी स्वार्थों को पूरा करने के लिए नाले की चोडाई को कम कर दिया गया है नाला निर्माण में अनुबंध के तहत गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया है विधायक ने नाला निर्माण के प्लान को संशोधित करने तथा तब तक नाला निर्माण कार्य के भुगतान को रोकने के निर्देश दिए।



उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सडक, सीवर, नाला निर्माण कार्य में गुणवत्ता विहिन कार्यों के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।इसके बाद विधायक गोयल ने कटोराताल रोड एवं चन्द्रवदनी नाका रोड का अवलोकन किया जहां रोड के बीच बडे-बडे गडडे हो गए हैं जिसके कारण आमजन को परेशानी हो रही है इस मौके पर विधायक गोयल ने नगर निगम अधिकारियों को शीघ्र ही दोनों रोडों पर सडक निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बंटी बघेल, गिर्राज सिंह गुर्जर, मनीष अग्रवाल, अवनीश गौड, शरद यादव, मोहन सिंह, अमित शुक्ला, मनोज शर्मा, अनिल शर्मा बिटटू, शेरू गुर्जर, जगदीश परिहार, अर्जुन यादव, मुकेश पाण्डे, हमीद खान, शुभम मदुरिया आदि शामिल थे।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478